RAF SECTOR
NEWS CLIP
23/01/2023

CENTRAL RESERVE POLICE

CENTRAL RESERVE POLICE FORCE — RAPID ACTION FORCE

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika , Bara, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने लिया शहर का जायजा, निकाला फ्लैगमार्च



पत्रिका लाइव रिपोर्ट

बारां. परिचय अभ्यास परेड निकालते रैपिड एक्शन फोर्स के जवान।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बारां. शहर में शनिवार को जयपुर में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने परिचय अभ्यास के दौरान विभिन्न मार्गों से होकर फ्लैग मार्च निकाला। परिचय अभ्यास की शुरुआत प्रताप चौक से शुरू हुई जो शहर के इन्द्रा मार्केट, सब्जी मंडी क्षेत्र, श्रीजी चौक, चौमुखा बाजार, तालाबपाड़ा, मांगरोल दरवाजा, मेला ग्राउंड, मांगरोल रोड, धर्मादा चौराहा होते हुए प्रताप चौक पहुंचे। फोर्स के सहायक कमाण्डेंट रामजस यादव व शहर कोतवाली सीआई मांगेलाल यादव ने बताया कि में परिचय अभ्यास के लिए भविष्य में जरूरत होने पर तुरन्त कार्रवाई की जा सके। परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा कि स्थिति घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्रवाई की जा सके। परिचय अभ्यास में निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा, निरीक्षक फैलीराम मीना, निरीक्षक विनोद कुमार मीना, निरीक्षक महिला मधु शर्मा के अतिरिक्त बल के अतिरिक्त अधिनस्थ अधिकारी एवं बल के अन्य कार्मिकों ने भाग लिया।

Janadesh News ,Ranchi ,(JKD)

रैपिड एक्शन फोर्स ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर ,400 लोगों का हुआ हेल्थ चेकअप

चक्रधरपुरः शुक्रवार को 106 बटालियन रैपिड एक्शन फ़ोर्स द्वारा स्थानीय पुलिस एवं अनुमंडल अस्पताल के पदाधिकारियों के सहयोग से चक्रधरपुर के चाँदमारी मोहल्ले में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 106 रैपिड एक्शन फ़ोर्स के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्विनी कुमार द्वारा चाँदमारी मोहल्ला और उसके आस पास के इलाकों के हर उम्र और वर्ग के लोगों का मुफ्त चिकित्सा जाँच एवं दवाइयों का वितरण किया गया। चिकित्सा शिविर में लगभग 400 से ज्यादा लोगों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, घुटनों के दर्द और आम मौसमी बीमारियों का इलाज किया गया। इस दौरान प्रकाश चंद्र बादल, उप कमांडेंट, आरएएफ और चंद्रशेखर कुमार, चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार एवं निरीक्षक एल बी सिंह, आरएएफ उपस्थित रहे।

Balrampur Kesari , Balrampur ,(UP)

बलरामपुर केसरी

मो० अरशद खान

बलरामपुर ।आगामी गणतंत्र दिवस 2023 व चुनाव को सकुशल संपन्न

कराने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी ललिया व प्रभारी निरीक्षक थाना महराजगंज तराई द्वारा आर0ए0एफ0 व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर थाना क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च व आमजन को कराया गया सुरक्षा का एहसास।पुलिस अधीक्षक बलरामपुरकेशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में आगामी गणतंत्र दिवस 2023 व चुनाव के दृ ष्टिगत क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना म0 तराई द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आर0ए0एफ0 (रैपिड एक्शन फोर्स) व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कस्बा रमई डीह व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया। इसी क्रम में सर्किल ललिया के थाना ललिया व थाना हर्रैय्या के प्रभारी नि0 द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आर0ए0एफ0 (रैपिड एक्शन फोर्स) व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कस्बाध्भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।